# गणपति विसर्जन | By Tejaswa |

तुमको विसर्जित करके कहें हम
आँखों में आँसू भर के कहें हम
ना हमको गणेशा भूलना
आना कभी फिर आना

भक्तों ने तुमको दी है विदाई
दिल छू रही है तुम्हारी जुदाई
गणपत हमारे बस तुम बिन रे
सूना लगे ये ज़माना
आना कभी फिर आना

गणेशा गणेशा गणेशा गणेशा
गणेशा गणेशा गणेशा गणेशा

हमको भुला देना ना गणेशा
जपते तुम्हारा नाम हमेशा
गौरा के प्यारे, शिव के दुलारे
दिल है तुम्हारा दीवाना
आना कभी फिर आना

करता नमन तुम्हें सिर को झुकाके
भावुक हुआ मुन्ना ये गीत गा के
लीला तुम्हारी, दुनिया ये सारी
जानता सारा ज़माना
आना कभी फिर आना

गणेशा गणेशा गणेशा गणेशा
गणेशा गणेशा गणेशा गणेशा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%9c%e0%a4%a8-by-tejaswa/